जम्मू–कश्मीर राज्य अपनी झांकी के माध्यम से हमें 7 अप्रैल, 2005 को अमन सेतु के उद्घाटन की ऐतिहासिक घटना की याद दिलाती है। प्रेम और शांति के प्रतीक 'अमन सेतु' के द्वारा जम्मू–कश्मीर के भावुक लोग विगत पांच दशकों से बिछड़े अपने भाई–बंधुओं, सगे–संबंधियों से मिल सके। इस तरह समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाली, ऋषि–मुनियों की इस भूमि के शांतिप्रय लोगों का सपना पूरा हुआ।

शांति तथा प्रेम का संदेश देती जम्मू–कश्मीर की झांकी, पारंपरिक लोकनृत्य तथा 'संतूर' और 'रबाब' बजाते संगीतकारों के माध्यम से खुशियां प्रदर्शित करती हैं। झांकी के मध्य में, चारों ओर से पेड़–पौधों तथा जीव–जंतुओं से घिरे अमन सेतु का ढांचा तथा उसके आगे पुल पर जम्मू–कश्मीर के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में चलते हुए तथा सीमा के दूसरी ओर के लोगों से गले मिलते हुए दिखाई देते हैं। अंत में झांकी के पश्च भाग में, इतिहास का हिस्सा बन गई बस यात्रा को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है। झांकी, मन को स्फूर्ति देने वाले पार्श्व संगीत के मधुर लोकगीत "बुम्बरो–बुम्बरो शाम रंग बुम्बरो" से ओतप्रोत है।

जम्मू–कश्मीर

Aman Setu

The presentation of the Jammu and Kashmir through their tableau reminds us of the historical opening of Aman Setu on 7th April 2005. Symbolic of love and peace, Aman Setu Bridge has enabled emotionally charged people of Jammu and Kashmir to meet their brethren, kith and kin who have been parted for the last five decades. The dreams of peace loving people from the land of Rishis and Munis with rich cultural heritage have thus been realised.

Conveying the message of peace and love, the tableau of Jammu and Kashmir depicts the festivity through traditional folk dance and musicians playing Santoor and Rabab. The structural post of Aman Setu followed by bridge, where people of Jammu and Kashmir in their traditional dresses walking and embracing their counterparts surrounded with vegetation, flora and fauna are seen in the middle of tableau. Lastly, the bus journey which has become the part of history is shown symbolically at the rear portion of the trailer. The tableau is enriched with the popular folklore '*bumbro-bumbro sham rang bumbro*'.

Jammu and Kashmir





आंध्र प्रदेश की बौद्ध विरासत

एक सहस्त्राब्दि से ज्यादा समय से, प्राचीन आंध्र प्रदेश के लोगों के जीवन पर बुद्ध की शिक्षाओं का गहरा प्रभाव पड़ा। इस महान गुरू की प्रबुद्ध प्रेरणा ने तत्कालीन भाषा और साहित्य, कला और वास्तुकला तथा सामाजिक मानदंडों और धार्मिक प्रथाओं को मूर्त रूप प्रदान करने में भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश के कई बौद्ध विहारों और स्तूपों के भव्य अवशेष हमें उस प्राचीन समय की झलक प्रदान करते हैं जब बौद्ध धर्म इस राज्य में फला–फूला था। राज्य के 144 बौद्ध स्थलों में से, समय के थपेड़े सह लेने वाले प्रमुख स्थल नागार्जुनकोंडा तथा अमरावती हैं। तीसरी शताब्दी में शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र नागार्जुनकोंडा, जो 'श्रीपर्वत' के नाम से भी जाना जाता था इक्ष्वाकु राजवंश की राजधानी थी। अमरावती भारत में बौद्धों का सबसे पवित्र स्थान था तथा ऐसा माना जाता है कि बुद्ध को पहली बार मानव रूप में यहीं चित्रित किया गया था।

आंध्र प्रदेश की झांकी, अमरावती के महान स्तूप तथा बुद्ध की प्रतिमा के साथ–साथ आचार्य नागार्जुन को झांकी में अपने शिष्यों को 'भिक्षुओं' के रूप में शिक्षा देते हुए प्रदर्शित कर बौद्ध विरासत का गुणगान करती है।

Buddhist Heritage of Andhra Pradesh

For more than a millennium, Buddha's teachings had profound influence on the lives of the people of the ancient Andhra Pradesh. The language and literature, art and architecture and social norms and religious practices of that time were shaped by the enlightening stimulus of this great Teacher. The magnificent remains of many Buddhist Viharas and Stupas in Andhra Pradesh give us a glimpse of the ancient times when Buddhism flourished in the State. Out of the 144 Buddhist sites in the State which have withstood the ravages of time, the most prominent sites are **Nagarjunakonda** and **Amaravati**. **Nagarjunakonda,** known as 'Sriparvata' in ancient times, was the capital city of the Ikshavaku Dynasty and a great centre of learning during 3rd Century A.D. **Amaravati** was the most sacred pilgrim centre of the Buddhists in India and it is believed that the first depiction of Buddha in human form was done here.

The Tableau of Andhra Pradesh celebrates the Buddhist heritage by depicting the Great Stupa of Amaravati and the statue of Buddha along with Acharya Nagarjuna teaching his disciples (the 'Bikhus').

महिलाओं, वृद्धों एवं विक्लांगों का सशक्तिकरण

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की झांकी की विषय–वस्तु भावपूर्ण ढंग से यह बताती है कि विक्लांगता अयोग्यता नहीं है तथा विक्लांग व्यक्ति विशेष रूप से सक्षम हैं। दृष्टिहीन व्यक्तियों के पास श्रेष्ठ कंप्यूटर और टंकण कौशल है। शारीरिक रूप से विक्लांग व्यक्ति सफलतापूर्वक पीसीओ/एसटीडी बूथ चला रहा है तथा समाचार संकेत भाषा में पढ़े जा रहे हैं। झांकी यह चित्रित करती है कि किस प्रकार विक्लांग व्यक्तियों के लिए सहायक उपकरणों का प्रबंध किया जा रहा है तथा कैसे एक पटल की मौजूदगी उससे बने बाधामुक्त परिवेश में एक व्हील चेयर पर बैठे व्यक्ति को चलने में सहायक बनाती है। व्हील चेयर पर बैठे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य जिस फुर्ती से किए जा रहे हैं उससे यह परिलक्षित होता है कि वे विशिष्ट योग्यता रखते हैं।

झांकी का अग्र भाग प्रौढ़ व्यक्तियों द्वारा सुखद और संतुष्ट जीवन व्यतीत किया जाना दर्शाता है तथा यह भी संकेत देता है कि वृद्ध व्यक्ति जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय अपने परिवार के सदस्यों और समाज को दिया है, के पास जीवन के अंतिम वर्षों में सुरक्षित परिवेश होना चाहिए। यह झांकी अवरोधमुक्त समाज और गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में एक कृतसंकल्प अभियान का सच्चा चित्रण है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

Empowerment of Women, Old and Disabled

The theme of the tableau of Ministry of Social Justice and Empowerment eloquently conveys that disability is not an inability and the disabled are only differently able. The visually impaired have excellent computer and typing skills. A physically disabled man is successfully running a PCO/STD Booth and the news is being read in sign language. The tableau depicts how the provisions of assistive devices are being made to the disabled and how the existence of a ramp for a barrier free environment helps a man in a wheel-chair to commute. The ability to perform various dance sequences by children in wheel-chairs reflects that they are person with special abilities.

The front portion of the tableau shows the happy and satisfied life being led by elderly persons and conveys the message that the aged, who have given their best years to their families and to the society, must have a secured environment in their sunset years. The tableau is a true depiction of a determined march towards a barrier-free society and a life of dignity.

Ministry of Social Justice and Empowerment

प्रहारक क्षमता युक्त शक्ति

भारतीय आयुध निर्माणियां, भारतीय सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक रक्षा उत्पाद मुहैया कराने संबंधी अपनी प्रतिबद्धता पूरा करने में सफल रही है। शहरी युद्ध–पद्धति की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए झांकी में दिखाया गया दूर नियंत्रित शस्त्र स्टेशन युक्त "टॉरजन" सुरंग सुरक्षित वाहन जो टीएनटी तथा भारी आईईडी विस्फोटों का प्रतिरोध करने तथा भीतर के सुरक्षित परिवेश से दूर से फायर करने में सक्षम है। कवचित वाहनों में प्रौद्योगिकीय विकास द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों के मद्देनजर प्रक्षेपास्त्र चलाने वाली क्षमता से युक्त नई पीढ़ी की "**भीष्म**" टी–90 एस टैंक का आयुध निर्माणियों द्वारा उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय आयुध निर्माणियों के पास रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में 200 वर्षों से अधिक का अनोखा अनुभव है तथा इन निर्माणियों ने 'रक्षा का चौथा स्तंभ' जैसा उपयुक्त उपनाम हासिल किया है। आयुध निर्माणी बोर्ड की झांकी प्रतीकात्मक रूप मे संगठन के विकास और राष्ट्र के प्रति इसकी सेवाओं को दर्शाती है।

आयुध निर्माणी बोर्ड

The Power that Packs the Punch

The Indian Ordnance Factories have been successful in fulfilling their commitment of providing the Indian Armed Forces with the state-of-the-art defence products. To tackle the new challenges of urban warfare, the "***Torjan***" Mine Protected Vehicle (MPV) fitted with a Remote Controlled Weapon Station (RCWS) depicted in the tableau is capable of withstanding heavy TNT and IED blasts as well as firing a weapon remotely from the protected environment. Keeping in view the new challenges posed by technological developments in armoured vehicles, the new generation "**Bhishma**" T-90S Tank with ability to fire missiles, is being produced by the Indian Ordnance Factories. The tableau is therefore aptly called "The Power that Packs the Punch".

The Indian Ordnance Factories possess the unique distinction of more than 200 years' experience in defence production and it has deservedly earned the sobriquet '**Fourth Arm of Defence**'. The tableau of Ordnance Factory Board shows, in symbolic form, the growth of the Organisation and it's services to the nation.

Ordnance Factory Board



27

आशा (प्राधिकृत सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता)

बेहतरीन प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ लोगों के स्वास्थ्य, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए सरकार ने 12 अप्रैल, 2005 को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एन आर एच एम) शुरू किया है। एन आर एच एम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता महत्वपूर्ण संघटकों में से एक है। चूंकि 75 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण इलाकों में रहती है। 'हाई फोकस' राज्यों के प्रत्येक गांव में एक प्रशिक्षित महिला, प्राधिकृत सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता रखने का प्रस्ताव है। एक हजार की जनसंख्या पर एक **आशा** सामान्य मानक होगा। **आशा**, जोकि गांव से संबंध रखती है, स्वास्थ्य मिशन तथा समुदाय के बीच एक सम्पर्क के रूप में कार्य करेगी। आशाएं, सम्पूर्ण टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु की देखरेख, पोषक आहार, स्वच्छता तथा जलजन्य एवं अन्य संक्रामक रोगों के निदान के लिए सामुदायिक कार्य को सुदृढ़ करने में सहायता करेंगी। किसी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता के मामले में वह अपने ग्रामीण साथियों के लिए प्रथम सहायक होगी।

स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय की झांकी में, गांव में **आशा** की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया है। झांकी का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना तथा **आशा** के बारे में जानकारी का प्रचार करना है। **'स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ भारत'** का नारा तथा आशा के आदर्श कार्य विषयवस्तु को सारगर्भित रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

ASHA (Accredited Social Health Activist)

In order to improve the health of the people especially the poor women and the children in rural areas with quality primary health care services, the Government has launched the National Rural Health Mission (NRHM) on 12th April 2005. One of the key components under NRHM is a community health worker. As 75% of our population live in rural areas, it is proposed to have one trained woman - Accredited Social Health Activist (ASHA) - in each village across the high focus states. The general norm will be that for a population of 1000, there will be one ASHA. ASHA, who belongs to the village, would act as a link between the health mission and the community. ASHAs would reinforce community action for universal immunization, safe delivery, newborn care, nutrition, sanitation and prevention of water borne and other communicable diseases. She will be the first port of call for her fellow villagers in case of any health related need.

The Tableau aims at creating awareness and disseminating information about ASHA. The slogan **'Swasthya Gram, Swasthya Bharat'** and the presence of role model of ASHA highlights the theme.

Ministry of Health and Family Welfare



जनजातीय धरोहर

हमारे देश के जनजातीय समुदायों की जीवन शैली ने हमें सदैव मंत्र–मुग्ध किया है। जनजातीय मामलों संबंधी मंत्रालय ने अपनी झांकी के माध्यम से जनजातीय भारत की ओजपूर्ण तथा रंगीन धरोहर को प्रदर्शित करने का प्रयास किया है।

झांकी में देश के विभिन्न भागों के जनजातीय लोगों की समृद्ध तथा रंगारंग कला को दर्शाया गया है। जनजातीय लघुमूर्तियां छत्तीसगढ़ के स्थानीय लौह शिल्प की कलात्मक अभिव्यक्ति है। ट्रैक्टर के पार्श्व भाग में पशु–पक्षियों, देवी–देवताओं, दानवों आदि की परम्परागत रूपों में रंगीन गोंड चित्रकारियों को चित्रित किया गया है। झांकी के पृष्ठ भाग में गुजरात की जनजातियों की नयनाभिराम 'रथवा चित्रकारी' को दर्शाया गया है। जनजाति द्वारा शुरू किए गए मूल्यवर्धन कार्यकलाप भी दर्शाए गए हैं, जहां एक बोडो महिला करघे पर कपड़ा बुन रही है। झांकी के पृष्ठ भाग में दिखाया गया चमकता सूर्य तथा एक विशाल वाद्य–यंत्र जनजातीय लोगों के जीवन में खुशहाली तथा समृद्धि का द्योतक है। जनजातीय मामलों संबंधी मंत्रालय विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय लोगों के जीवन में खुशहाली तथा समृद्धि लाने का प्रयास कर रहा है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय

Tribal Heritage

The life style of the tribal communities of our country have always fascinated us. Ministry of Tribal Affairs through its tableau demonstrates the vibrant and the colourful heritage of tribal India.

The tableau displays the rich and the colourful art form of the tribals from the different parts of our country. The tribal figurines are an artistic expression in typical form of iron craft of Chattisgarh. The side panels of the tractor portray the colourful Gond paintings of animals, birds, deities, demons etc. in traditional form. The trailer portion showcases the eye-catching art form "RATHWA PAINTINGS" from the tribals of Gujarat. The value addition activities taken up by the tribals are also shown where a Bodo woman is weaving fabric on a loom. The Sun in all its splendour and glory and a huge musical instrument shown in the rear of tableau symbolizes happiness and prosperity in the lives of tribal people. The Ministry of Tribal Affairs is striving to bring happiness and prosperity in the lives of tribal through various schemes and programmes.

Ministry of Tribal Affairs

ब्रॉडबैंड

आज दूर संचार के क्षेत्र में बड़ी क्रान्ति आ रही है। ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी से तीव्र–गति की दूरसंचार संपर्क सुविधा उपलब्ध हो रही है जिससे वाणी संचार, डाटा और वीडियो सेवाओं जैसी एकीकृत सेवाएं स्थानीय टेलीफोन लाइन पर प्रदान की जा सकती हैं। ब्रॉडबैंड अत्यंत तीव्र गति के साथ एक ऐसा सशक्त माध्यम बन रहा है जिससे भारत एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय सहभागी के रूप में उभर रहा है।

टेली शिक्षा के माध्यम से पारस्परिक दूरस्थ अध्ययन भारत के दूर–दराज के क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दूरियाँ मिट रही हैं जिससे सूचना का आदान–प्रदान आसान हो गया है। कृषि विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में प्राप्त नवीनतम उपलब्धियां अब सीधे प्रदर्शन से किसानों तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा टेली मेडिसिन के जरिए प्राप्त चिकित्सा विशेषज्ञता बहुत से लोगों की जान बचा सकती है तथा स्वास्थ्य के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय अपनी इस झांकी के माध्यम से यह दर्शाता है कि किस प्रकार ब्रॉडबैंड दूरसंचार के क्षेत्र में भावी क्रान्ति लाकर आम आदमी के जीवन स्तर को उन्नत बना रहा है।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

Broadband

Tele-communication is ushering in a major revolution today. Broadband technology provides high speed tele-communication connectivity that can deliver integrated services such as voice communication, data and video services on a local telephone line. Broadband is fast becoming a strong medium empowering India to emerge as leading global partner.

Interactive distance learning through tele-education is reaching to the remote corners of India. Video conferencing is removing the distance barriers enabling the easy exchange of information. The latest advancements in agriculture science and research can now reach the farmers with live demonstrations. Also, the specialized medical expertise can save life of many people through tele-medicine and spread awareness towards health to the masses. Ministry of Communication and Information Technology through its tableau depicts how broadband is enhancing the quality of life of common man portraying the revolution in the telecom sector.

Ministry of Communication and Information Technology

30



नारियल जूट उद्योग

भारतवासियों में "कल्पवृक्ष" के रूप में प्रसिद्ध नारियल वृक्ष, मानव समुदाय को भोजन, पानी, आश्रय, सजावट, मनोरंजन के साथ–साथ और भी बहुत कुछ उपलब्ध कराता है। तटीय क्षेत्रों में लाखों लोगों के लिए मुख्य आजीविका का स्रोत, नारियल के छिलके से निकाली गई जटा के बहुउपयोगी सुनहरी रेशे से निर्मित पायदान, रग्ज, कालीन, रबड़युक्त सुनहरी रेशे आम आदमी के जीवन के हर पहलू पर छाप छोड़ते हैं। सदियों पहले एक साधारण रस्सी अथवा दरवाजे के पायदान से छोटी शुरुआत करके अब नारियल जटा ने व्यावसायिक तथा आधुनिक उद्योग बनकर एक लंबी यात्रा तय की है।

नारियल के छिलके को नारियल जटा के रेशे तथा अनेक उत्पादों के रूप में बदलना पर्यावरण के अनुरूप एक कवायद है। हरित क्रान्ति ने मानवजातीय, पारिस्थितिकीय रूप से अनुकूल स्वास्थ्यकर, बहु उपयोगी नारियल जटा कों अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रतिष्ठित समाज की जरूरत बना दिया है। जैसा कि, मनुष्य सिंथेटिक सामान को अलविदा कह रहा है और प्राकृतिक उत्पादों को अपना रहा है, ऐसे में रोजमर्रा के बहुत से कार्यों में नारियल जटा, हरित विकल्प के रूप में उपलब्ध है। कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के नारियल जूट बोर्ड की झांकी में "अनुपयोगी वस्तुओं से धन अर्जित करना" की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है।

कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय
(नारियल जूट बोर्ड)

Coir Industries

Known as the "Kalpa Vriksha" among the Indians, the coconut tree provides the community with food, drink, shelter, furnishing, entertainment and a lot more. Source of livelihood for the lakhs of people in coastal areas, the versatile golden fibre of coir extracted from the husk of coconut touches many facets of common man's life and activities in the form of door mats, rugs, carpets, rubberized coir mattresses, coir textiles etc. From the humble beginning of a simple rope or a door mat centuries back, coir has now travelled a long way in becoming professional and modern industry.

The transformation of coconut husk into coir fibre and a variety of other products is an environment friendly exercise. The green movement has launched the ethnic, eco-friendly, hygienic, versatile coir into most useful commodity world-wide. As mankind is increasingly bidding goodbye to the world of synthetics and embracing natural products, coir is emerging as a green option to a variety of applications in day-to-day life. The tableau of the Coir Board, Ministry of Agro and Rural Industries epitomizes the concept of "wealth from waste".

Ministry of Agro and Rural Industries
(Coir Board)

भारत की उड़ान

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एक अग्रणी एयरोस्पेस कम्पनी है, जिसके सोलह उत्पादन प्रभाग और नौ अनुसंधान एवं विकास केंद्र सम्पूर्ण देश में फैले हुए हैं। विगत छह दशकों में, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने उन्नत लड़ाकू विमानों, प्रशिक्षण विमानों, हेलिकॉप्टरों, परिवहन विमानों तथा सम्बद्ध एयरो–इंजनों, सहायक पुर्जों, वैमानिक और वायुवाहित प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, विनिर्माण तथा अनुरक्षण के क्षेत्रों में विभिन्न क्रिया–कलाप शुरू किए हैं। इससे एयरोस्पेस वाहनों की संरचनाओं, औद्योगिक एवं समुद्री गैस टरबाइनों और सॉफ्टवेयर का विनिर्माण भी शुरू किया गया है। विगत वर्षों में, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 3500 विमानों (जिनमें स्वदेशी डिजाइन की 11 किस्में शामिल हैं) का उत्पादन किया है और लगभग 8000 विमानों तथा 2700 इंजनों की मरम्मत की है।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 1 बिलियन अमरीकी डालर से भी अधिक का कारोबार किया। गणतंत्र दिवस परेड में, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की झांकी में स्वदेश में ही डिजाइन तथा विकसित उन्नत हल्का हेलिकॉप्टर **'ध्रुव'**, मध्यवर्ती जेट प्रशिक्षण विमान एचजेटी–36, **किरण** जेट प्रशिक्षक विमान और हल्का लड़ाकू विमान **तेजस** दर्शाए गए हैं। इनके अतिरिक्त, लाइसेंस के तहत निर्माण किए जा रहे सुखोई–30 एमकेआई को भी प्रदर्शित किया गया है।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

Wings of India

Hindustan Aeronautics Limited (HAL) is a premier aerospace company with sixteen production divisions and nine Research and Development Centres spread across the country. Over the past six decades, HAL has spread its wings to cover various activities in the areas of Design, Development, Manufacture and Maintenance of advanced fighters, trainers, helicopters, transport aircraft and associated aero-engines, accessories, avionics and airborne systems. It has also diversified into manufacture of structures for aerospace vehicles, industrial and marine gas turbines as well as Software. Over the years, HAL has produced over 3,500 aircraft (including 11 types from indigenous design) and overhauled about 8,000 aircraft and 27,000 engines.

HAL has achieved a turnover of over 1 Billion U.S. Dollars during the last financial year. In the Republic Day Parade, HAL tableau displays the indigenously designed and developed 'Dhruv'- Advanced Light Helicopter, HJT-36 - Intermediate Jet Trainer, Kiran Jet Trainer and TEJAS - Light Combat Aircraft. Besides these, SU-30 MKI being manufactured under license is also displayed in the tableau.

Hindustan Aeronautics Limited

32

समुद्री जीवन

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की यह झांकी 'समुद्री जीवन' को दर्शाती है। इसमें समुद्रों और महासागरों में मौजूद जलीय जीवन के विभिन्न रूप प्रदर्शित किए गए हैं और इसके अग्रभाग में वास्तविक ऑक्टोपस से भी बड़े आकार का ऑक्टोपस दर्शाया गया है। समुद्री जीवन का सूक्ष्म सौंदर्य, जिसमें रंग–बिरंगी प्रवाल–भित्तियां, मछलियां, नॉटिलस, अन्य समुद्री जीव, स्पांज तथा समूहों में विचरण करती तरह–तरह की रंग–बिरंगी मछलियां शामिल हैं, को झांकी के पश्च भाग में प्रदर्शित किया गया है। सीपी के अंदर समुद्र का सर्वाधिक आकर्षक एवं कीमती खजाना मोती तथा मूंगा झांकी के पिछले भाग में दर्शाए गए हैं। इस झांकी के पार्श्व–फलकों पर रंग–बिरंगी मछलियां दर्शाई गई हैं।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

Sea Life

The floral tableau of the Central Public Works Department (C.P.W.D.) presents **'Sea Life'**. Showcasing the wide variety of aquatic life that exists in the seas and the Oceans, tractor portion of the tableau depicts a larger than life size Octopus. The exquisite beauty of the sea life that includes colourful corals, sponges, fish, and variety of colourful fish moving in groups is displayed on the trailer. The most demanding and valuable treasure trove of the sea - the Pearl and Coral - is shown on the rear portion of the tableau. Colourful fish are shown on the side panels of the tableau.

Central Public Works Department

बच्चों की प्रस्तुति



CHILDREN'S PAGEANT

वीरता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता-2005

Winners of National Award for Bravery – 2005

Master Ratul Chandra Rabha

Master Rituparna Boro



Master Sanmesh Mahesh Kalyanpur

Km. Seidalyne Mawtyllu

Km. Dugi Alias Minati Gagaral

Km. Chanigalla Susheela

Master Mahesh Kumar

Master Naragani Venkateswara Rao

Master Sarath Babu

Master Laxman

Master Shibu T. (Posthumous)

Master Nelson Karam

Km. Leitanthem Pusparani Devi

Master Mukesh Kumar Tanwar

Km. Divya T. V.

Master Putijungshi

Master Santosh Ramesh Dahe

वीरता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता-2005

नाम	राज्य
मास्टर रातुल चन्द्र राभा*	असम
मास्टर ऋतुपर्ना बोरो*	असम
मास्टर सन्मेश महेश कल्याणपुर**	महाराष्ट्र
कुमारी सेदलीन मॉटील्लुप***	मेघालय
कुमारी डुगी उर्फ मिनती गगराल****	उड़ीसा
कुमारी चनिगल्ला सुशीला****	आंध्र प्रदेश
मास्टर महेश कुमार****	उत्तरांचल
मास्टर नरागिन वेंकटेश्वर राव	आंध्र प्रदेश
मास्टर सरथ बाबू	केरल
मास्टर लक्ष्मण	छत्तीसगढ़
मास्टर शिबु टी. (मरणोपरांत)	केरल
मास्टर नेलसन करम	मणिपुर
कुमारी लेतनथेम पुष्पारानी देवी	मणिपुर
मास्टर मुकेश कुमार तँवर	मध्य प्रदेश
कुमारी दिव्या टी.वी.	केरल
मास्टर पुतिजुंग्शी	नागालैंड
मास्टर संतोष रमेश दहे	महाराष्ट्र

Winners of National Award for Bravery – 2005

Name	State
Master Ratul Chandra Rabha*	Assam
Master Rituparna Boro*	Assam
Master Sanmesh Mahesh Kalyanpur**	Maharashtra
Km. Seidalyne Mawtyllup***	Meghalaya
Km. Dugi Alias Minati Gagaral****	Orissa
Km. Chanigalla Susheela****	Andhra Pradesh
Master Mahesh Kumar****	Uttranchal
Master Naragani Venkateswara Rao	Andhra Pradesh
Master Sarath Babu	Kerala
Master Laxman	Chhattisgarh
Master Shibu T. (Posthumous)	Kerala
Master Nelson Karam	Manipur
Km. Leitanthem Pusparani Devi	Manipur
Master Mukesh Kumar Tanwar	Madhya Pradesh
Km. Divya T. V.	Kerala
Master Putijungshi	Nagaland
Master Santosh Ramesh Dahe	Maharashtra

* भरत पुरस्कार

** संजय चोपड़ा पुरस्कार

*** गीता चोपड़ा पुरस्कार

**** बापू गयाधानी पुरस्कार

* Bharat Award

** Sanjay Chopra Award

*** Geeta Chopra Award

**** Bapu Gayadhani Award

स्कूली बालक और बालिकाओं का बैंड

बच्चों की यह सांस्कृतिक प्रस्तुति "कारगिल के वीर" धुन बजाते हुए बालक और बालिकाओं के बैंड के नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं। इस बैंड में दिल्ली के निम्नलिखित स्कूलों के बच्चे भाग ले रहे हैं :

श्री गुरु तेग़ बहादुर खालसा गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शीशगंज, चांदनी चौक; गुरु नानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सब्जी मंडी, घंटाघर; कमल मॉडल स्कूल, मोहन गार्डन; दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार; एस एम जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कमला नगर; जैन समनोपासक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदर बाजार; महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, अशोक विहार; विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, डी–ब्लॉक, आनन्द विहार; रियॉन इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर–24, रोहिणी; महाराजा अग्रसेन स्कूल, प्रीतमपुरा और सी आर पी एफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैक्टर–14, रोहिणी।

Band by School Girls and Boys

The cultural pageant of children is heralded by a Band Contingent of girls and boys playing the tune "Kargil Ke Veer". Children participating in the Band are drawn from the following Schools of Delhi:

Shri Guru Teg Bahadur Khalsa Girls Senior Secondary School, Sis Ganj, Chandni Chowk; Guru Nanak Girls Senior Secondary School, Subzi Mandi, Ghanta Ghar; Kamal Model School, Mohan Garden; Dashmesh Public School, Vivek Vihar; S. M. Jain Senior Secondary School, Kamala Nagar; Jain Samnopasak Senior Secondary School, Sadar Bazar; Maharaja Agrasen Public School, Ashok Vihar; Vivekanand Public School, D-Block, Anand Vihar; Ryan International School, Sector-24, Rohini; Maharaja Agrasen School, Pitam Pura; and CRPF Senior Secondary School, Sector-14, Rohini.

ध्वजवाहक – बालक और बालिकाएं

मार्च पास्ट में भाग ले रहे बच्चे दिल्ली के निम्नलिखित स्कूलों से हैं :

गवर्न्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के–ब्लॉक, जहांगीरपुरी; गवर्न्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बख्तावरपुर; सर्वोदय कन्या विद्यालय, प्रशान्त विहार; सलवान गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजेन्द्र नगर; बी आर मेहता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लाजपत नगर; माउंट आबु पब्लिक स्कूल, सैक्टर–5, रोहिणी; मदर डिवाइन पब्लिक स्कूल, सैक्टर–3, राहिणी; हैप्पी होम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैक्टर–11, रोहिणी; सलवान वॉयज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजेन्द्र नगर; एयर फोर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेसकोर्स; विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आनन्द विहार; माउंट आबु स्कूल, सैक्टर–18, रोहिणी और एम एन कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, स्वरूपनगर।

Flag Bearers – Girls and Boys

The children participating in the March Past are drawn from the following Schools of Delhi:

Government Girls Senior Secondary School, K-Block, Jahangirpuri; Government Girls Senior Secondary School, Bakhtawarpur; Sarvodaya Kanya Vidyalaya, Prashant Vihar; Salwan Girls Senior Secondary School, Rajinder Nagar; B. R. Mehta Senior Secondary School, Lajpat Nagar; Mount Abu Public School, Sector – 5, Rohini; Mother Divine Public School, Sector-3, Rohini; Happy Home Senior Secondary School, Sector-11, Rohini; Salwan Boys Senior Secondary School, Rajinder Nagar; Air Force Senior Secondary School, Race Course; Vivekanand Senior Secondary School, Anand Vihar; Mount Abu School Sector-18, Rohini; and M. N. Convent Public School, Swaroop Nagar.

गोगा पीर

राजस्थान का मशहूर लोक नृत्य "गोगा पीर" साम्प्रदायिक सद्भाव और हमारी सभ्यता तथा संस्कृति के सार के प्रतीक स्वरूप यहां के लोगों के बहादुरी भरे कारनामों पर आधारित है। राजस्थान के गोगा मेडी गांव में गोगाजी की समाधि पर वार्षिक मेला लगता है। मेले के दौरान राज्य के सभी भागों से लोग इकट्ठा होते हैं चाहे वे किसी भी जाति, पंथ या धर्म के हों। गोगाजी की समाधि पर श्रद्धा अर्पित करने के बाद, लोग रंग–बिरंगे और आकर्षक परिधान पहने हुए और अपने हाथों में पताका, साइन बोर्ड और मोर के रंग–बिरंगे पंख पकड़े हुए अपने विश्वास, हर्षोल्लास, धार्मिक सहिष्णुता और पूर्ण एकता को अभिव्यक्त करने के लिए पूरे उत्साह से नाचते–गाते हैं। वंदना इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका और कमल मॉडल स्कूल, मोहन गार्डन, दिल्ली के छात्र यह रंगारंग प्रस्तुति पेश कर रहे हैं।

Goga Peer

The famous folk dance of Rajasthan, "Goga Peer" is based on the communal harmony and the valiant deeds of the people symbolising the essence of our civilization and culture. At the Samadhi of Gogaji in Goga Medi village (Rajasthan), an annual fair is held. People from all parts of the state irrespective of their caste, creed and religion assemble during the fair. After paying their obeisance at the Samadhi of Goga Peer, people in colourful and attractive dresses, holding flags, signs boards and multi coloured feathers of peacocks sing and dance enthusiastically to express their faith, joy, religious tolerance and solidarity. The students of Vandana International School, Dwarka and Kamal Model School, Mohan Garden, Delhi are presenting the colourful performance.

तम्लियाक्पे लिम (तितली नृत्य)

तम्लियाक्पे लिम (तितली नृत्य) नागालैंड में पेरेन जिले के जेलियांग जनजाति द्वारा किया जाता है। यह नृत्य युवाओं द्वारा त्यौहारों और महत्वपूर्ण सामाजिक सभाओं के दौरान ग्रामवासियों को अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद देने के लिए सर्वशक्तिमान ईश्वर के वरदान का आह्वान करने के लिए किया जाता है। यह नृत्य, सफल योद्धाओं द्वारा घर वापस आने और ट्राफियां लाने की खुशी में भी किया जाता है। तम्लियाक्पे लिम (तितली नृत्य), उत्तर पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है।

Tamliakpe Lim (Butterfly Dance)

The Tamliakpe Lim (Butterfly Dance) is performed by the Zeliang tribe of Peren District in Nagaland. This dance is performed by the youths in festive gaiety during festivals and important social gatherings to invoke blessings of the Almighty God to bless the village with good health and prosperity. The dance is also performed to celebrate the trophies being brought home by the successful warriors. Tamliakpe Lim (Butterfly Dance) is being performed by the students of the North East Zone Cultural Centre, Dimapur.

गरदी नृत्य

दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, तंजावूर के छात्र 'गरदी नृत्य' प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि इस नृत्य की उत्पत्ति रामायणकाल में हुई जब वानरों (बंदरों) ने रावण पर भगवान राम की विजय की खुशी में 'गरदी' नृत्य किया था। उत्सव के अवसरों पर किया गया 'गरदी' नृत्य, में पांच से आठ घंटे तक चल सकता है। इस नृत्य की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि नर्तक अपने दोनों पैरों में लोहे के छल्ले, जिसे 'अंजली' कहा जाता है, दस–दस पहनते हैं। जैसे ही नर्तक नृत्य की जटिल भंगिमाएं करता है, तो इन छल्लों से सुरीली तथा मधुर ध्वनि निकलती है। नर्तक वानरों का भेष धारण कर लेते हैं और वे अपने–अपने हाथों में छड़ियां लिए हुए 'रामा ढोलू' नामक ढोलों की थाप पर नृत्य करते हैं।

Garadi Dance

The students of South Zone Cultural Centre, Thanjavur are presenting the 'Garadi' dance. The dance traces its origins to the ancient days of the Ramayana, when the Vanar (monkeys) performed 'Garadi' dance to celebrate the victory of Lord Rama over Ravana. Performed during the festive occasions, the 'Garadi' dance can continue for five to eight hours. A distinctive feature of this dance is the iron rings, called 'Anjali', which the dancers wear on their legs, ten on each leg. As the dancer executes the intricate movements of the dance, the rings produce a sweet and melodious sound. The dancers disguised as 'Vanaras', carry sticks on their hands as they dance to the beat of the drums called 'Rama Dolu'.

घिंडड घूमर

सेंट गिरि सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैक्टर–3, रोहिणी, नई दिल्ली के छात्र राजस्थानी नृत्य 'घिंडड घूमर' प्रस्तुत कर रहे हैं। फाल्गुन माह में धुलेन्डी के समय पुरुष व महिलाओं द्वारा यह नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। ऐसे बहुत ही कम नृत्य हैं जो पुरुषों और महिलाओं द्वारा एक साथ किए जाते हैं।

फाल्गुन माह में बसंत के फूलों की सुगंध और प्रकृति द्वारा बिखेरे गए असंख्य रंग आत्मा और शरीर को नृत्यमय कर देते हैं। प्रियतम से मिलने के लिए लालायित प्रेमिका के हृदय की प्रतिध्वनि से चूड़ियां और कंगन खनकने लगे हैं। घिंडड घूमर फागुन या होली के हर्षोल्लास और खुशियों को प्रस्तुत करता है जब आंगन में बिखरे हुए रंग हृदय की धड़कनों के साथ शरीर और आत्मा नाचने लगते हैं।

Ghindad Ghoomer

The students of St. Giri Senior Secondary School, Sector-3, Rohini, New Delhi are presenting Rajasthani dance, 'Ghindad Ghoomer'. It is performed by men and women at the time of Dhulendi in the month of 'Phalguna'. There are very few dances which are performed by the male and female together.

The month of 'Phalguna' coinciding with the floral fragrance of spring and myriads of colours splashed by the nature, makes the soul and the body dance. Bangles and bracelets dangle with the echo of hearts craving for meeting with her beloved. The performance of Ghinadad Ghoomer presents the joy and excitement of phagun or holi by the courtyard sprinkled with colours, making body and soul dancing with delight.

मेवासी चंदला सगाई नृत्य

गुजरात, दक्षिण–पूर्व अंचल पहाड़ियों, नदियों और हरे–भरे जंगलों से घिरा है। तीन नदियों अर्थात् 'नर्मदा', 'ओर्सग' और 'हेरन' के डेल्टा को 'मेवास' कहते हैं। भौगोलिक दृष्टि से मेवास क्षेत्र, तीन तालुकाओं–तिलकवाड़ा, नस्वाडी और संखेड़ा तक फैला हुआ है जिसमें तीन जनजातियां अर्थात् 'भील', 'वास्वा' और 'तदवी' रहती हैं। 'मेवासी वनवासी', नाम से जानी जाने वाली तीनों जनजातियां परिश्रमी और आमोद–प्रमोद के प्रेमी हैं। सगाई अर्थात् 'चंदला सगाई' के अवसर पर दूल्हा और दुल्हन की ओर से युवा बालक और बालिकाएं पूरे हर्षोल्लास के साथ नृत्य करते हैं। 'ढोल' (बड़े आकार के ढोल), 'तिम्ली' (छोटे आकार के ढोल), 'थाली' (कांसे की थाली), 'नगाड़ी' (एकतरफा ढोल) लय के रूप में प्रयोग में लाए जाते हैं। 'सरनाई' (शहनाई) इस शानदार नृत्य को मधुर संगीत प्रदान करती है; रंग–बिरंगे परिधान, लचीली थिरकनें और नवीन भंगिमाएं मेवासी की सुंदरता और विजयोल्लास को बढ़ाती हैं। पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के छात्र मेवासी चंदला सगाई नृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

Mewasi Chandla Sagai Nritya

The South-Eastern region of Gujarat is surrounded with hills, rivers and green forests. The delta of the three rivers namely 'Narmada', 'Orsang' and 'Heran' is called 'Mewas'. Geographically the Mewas area spread over the three talukas - Tillakwada, Naswadi and Sankheda is the abode of the three tribes called 'Bhil', 'Vasava' and 'Tadvi'. Popularly known as "Mewasi Vanvasis", the three tribes are laborious and fun loving. On the eve of the engagements i.e. "Chandla Sagai", the young boys and girls from the side of bride as well as bridegroom, dance with full joy and enthusiasm. 'Dhol' (Big size drums), 'Timli' (Small size drums), 'Thali' (Brown Plate), 'Nagari' (single face drum), are used for rhythms. 'Sarnai' (Shehnai) provides melody to this spectacular dance; colourful costumes, supple movements and innovative action enhance the beauty and triumph of Mewasi. The children of the West Zone Cultural Centre, Udaipur are presenting Mewasi Chandla Sagai Nritya.

सिरमौरी नट्टी

उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के बच्चे सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) के अत्यधिक लोकप्रिय और प्रसिद्ध नृत्य 'सिरमौरी नट्टी' प्रस्तुत कर रहे हैं जो ग्राम देवता को प्रसन्न करने के लिए उत्सवों, मेलों, सामाजिक मिलन तथा अन्य धार्मिक त्योहारों के दौरान किया जाता है। नर्तक परम्परागत पोशाक में होते हैं। पुरुष – चूड़ीदार पायजामा, कमर में सफेद ऊनी 'चोला' और रंगीन 'पटका' बांधते हैं। स्त्रियां, छोटी कमीज़ 'कुर्ती' पहनती हैं। वे कमीज़ और 'सुथन' के ऊपर 'पट्टु' – एक रंगीन शाल, इस तरह से बांधते हैं जिससे धड़ और पांव ढक जाएं। पुरुष और महिलाएं दोनों टोपी या दुपट्टा पहनते हैं। पुरुषों की टोपी को 'टोप' और महिलाओं के दुपट्टे को 'थिपु' कहते हैं। महिला–पुरुष नर्तक एकल पंक्ति में खड़े होते हैं और हल्के और दबे पांव से चारों ओर घूमते हैं। वे अर्ध संकेन्द्रीय घेरा बनाते हैं, पूर्ण संकेन्द्रीय घेरा बनाते हैं और अंततः पाशन पद्धति से नाचते हैं। इस नृत्य में 'नरसिंघा', 'करनाल', 'शहनाई', 'ढोल' और 'नगाड़ा' आदि द्वारा संगीत दिया जाता है।

Sirmouri Natti

The children of North Zone Cultural Centre, Patiala are presenting 'Sirmouri Natti', the most popular and famous dance form of Sirmour (Himachal Pradesh) performed during the festivals, fairs, social gatherings and other religious festivities to please the Gram Devta. The dancers attire themselves in the traditional dress. Men wear a churidar pyjama, a white woollen 'Chola' and coloured 'Patka' around their waist. The women wear short shirt called 'Kurti'. On the top of the shirt and 'Suthan' they tie 'Pattu' - a colourful shawl in such a manner that it covers torso and legs. Both men and women wear cap or scarf. The cap of male is called 'Tope' and the female scarf 'Thipu'. The dancers, men and women enter in single file separately, moving around in supple and gliding steps; they form in half concentric circles, full concentric circles and inter-locking patterns. The musical accompaniment is given by the 'Narsingha', 'Karnal', 'Shehnai', 'Dhol' and 'Nagara' etc.

बैगा परधौनी नृत्य

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के छात्र, 'बैगा' जनजाति के लोकप्रिय नृत्य 'बैगा परधौनी नृत्य' प्रस्तुत कर रहे हैं। यह जनजाति नृत्य, बारात के स्वागत के समय किया जाता है। घोड़ा, सांड और मोर के वेष में पुरुष यह नृत्य करते हैं। अकसर ये स्त्री के वेष में होते हैं। परधौनी नृत्य, दुल्हन के घर में प्रवेश के दौरान द्वार पर प्रतीक्षा कर रहे दूल्हे के सम्मान में किया जाता है।

Baiga Pardhauni Nritya

The students of the South Central Zone Cultural Centre, Nagpur are presenting 'Baiga' tribe's most popular dance, 'Baiga Pardhauni Nritya'. The tribal dance is performed to welcome the wedding procession. In different disguise of horse, bulls and peacocks, men perform this dance. Often they are disguised as women. Pardhauni dance is performed in the honour of bridegroom, waiting at the entrance of bride's house.

भांगड़ा

शांति ज्ञान निकेतन स्कूल, द्वारका के छात्र, पंजाब के सबसे लोकप्रिय लोकनृत्य 'भांगड़ा' प्रस्तुत कर रहे हैं। यह नृत्य इतना रंगारंग, संजीव और तेज होता है कि 'ढोल' की थाप और नृत्य की ताल किसी को भी लगातार चलने वाले 'भांगड़ा' में शामिल होने के लिए अवश्य ही प्रेरित करेगा।

Bhangra

The students of Shanti Gyan Niketan School, Dwarka are presenting the most popular Punjabi Folk Dance 'BHANGRA'. The dance is so colourful, lively and vivid that the beats of 'dhol' and the rocking dance steps will surely allure one to join the non-stop 'Bhangra'.

printed at tara art printers pvt. ltd., new delhi-02